***7.1.11 Institution celebrates / organizes national and international commemorative days, events and festivals***

**<u>International days and National day</u>**

| **Date / year** | **Celebrated Day2021** |
|---|---|
| 12 June 2021: | National Librarian Day |
| 10 August 2021: | Indian freedom struggle day 75th Independence Day |
| 12 August 2021: | National Librarian Day |
| 4th September 2021: | Teacher Day |
| 10 to 16th September: | Nutrition Week |
| 02 October 2021: | Gandhi Jayanti |
| 23 October 2021: | Mehndi competition on the occasion of Karwa Chauth |
| 29 October 2021: | National Integration Day |
| 15 November 2021: | Children Day |
| 1st December 2021: | World Aids Day |
| 5th December 2021: | Ozone Day |
| **Date / Year** | **Celebrated day 2022** |
| 12 January 2022: | National Youth Day |
| 13 January 2022: | Lohri Celebration |
| 24 January 2022: | National Girl Child Day |
| 26 January 2022: | Republic Day |
| 21 February 2022: | International Mother Tongue Day |
| 8 March 2022: | International Women Day |
| 16 March 2022: | National Mathematics Day |
| 24 March 2022: | National Science Day |
| 26 March 2022: | World Consumer Day |
| 26 March 2022: | World Water Day |
| 1 April 2022: | Sports Day |
| 8 April 2022: | World Health Day |
| 14 April2022: | 131st birth Anniversary of Dr. B.R Ambedkar |
| 26 April 2022: | Earth Day |
| 28 April 2022: | International Yoga Day |
| 25 April 2022: | World Book Bank and Copy Right Day |
| 9th May 2022: | Red Cross Day |
| 11 May 2022: | National Press Day |
| 6 June 2022: | World Environment Day |
| 12 June 2022: | National Librarian Day |

दौरा करते हुए अमीर विरसे की साज सम्भाल के लिए कालेज की सराहना की। इस महोत्सव के आयोजन का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलन से किया

महोत्सव की शोभा बढ़ाई।

विधायक धालीवाल ने भी अपने संबोधन में वनों के महत्व तथा पर्यावरण के लिए पेड़ों को लगाने और

अवसर पर संबंधित सहयोगी विभागों की ओर 500 पौधे छात्राओं, कालेज स्टाफ तथा अतिथियों को भी बांटे गए।

में बखूबी मंच संचालन किया। प्रिंसिपल डा. सविंदर पाल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

DAINIK JAGRAN , 30/7/21

# पौधे लगा कर पर्यावरण बचाएं : धालीवाल

संवाद सहयोगी, फगवाड़ा : फगवाड़ा इन्वायरामेंट एसोसिएशन की ओर से प्रधान कुलदीप सरदाना के निर्देशानुसार वन महोत्सव कमला नेहरू कालेज के सहयोग से कालेज प्रांगण में मनाया गया। जिसका शुभारंभ विधायक बलविन्दर सिंह धालीवाल ने बतौर मुख्यातिथि शामिल होकर करवाया करवाए। उनके साथ एसपी सरबजीत सिंह बाहिया, कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान धीरज सरदाना प्रधान और पंकज सरदाना भी विशेष तौर पर शामिल हुए। मुख्यातिथि एवं गणमान्यों ने कालेज के बगीचे में पौधारोपण कर समागम का शुभारंभ करवाया। एसोसिएशन के महासचिव मलकीयत सिंह रघबोत्रा ने वन महोत्सव बारे अपने विचार पेश किये। इस दौरान मौके डा. विनीता प्रोफेसर दिल्ली यूनिवर्सिटी ने पावर प्वाइंट के जरिये जंगलों के महत्व बारे प्रकाश डाला। कालेज की छात्राओं ने वन महोत्सव के अलावा तीज के त्योहार के संबंध में खूबसूरत प्रस्तुतियां दी। मलकीयत सिंह रघबोतरा ने बताया कि वन विभाग की तरफ से करीब पाच सौ पौधे भेंट किये गए। एनएसएस की तरफ से पौधों का प्रसाद बांटा गया। विधायक धालीवाल ने एसोसिएशन के प्रयास को सराहा तथा कहा कि पर्यावरण को बचाना हमारा दायित्व है इसलिए हर नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए।

इस अवसर पर प्रिंसिपल डा. सविंदर पाल, हरगुरनेक सिंह रंधावा, तीर्थ सिंह, एचडीएफसी बैंक के स्टेट हैड परमिन्दर सिंह भसीन, सर्कल हैड जतिन्द्र पाल सिंह, हरिन्द्र सैनी, तारा चंद चुम्बर, विश्वामित्र शर्मा, कृष्ण कुमार, प्रितपाल कौर तुली, एससी चावला, सुरिंदर चावला, टीडी चावला, हरविन्दर सिंह, रूप लाल, सुरिन्दर पाल, सुधीर शर्मा, राम लुभाया, गुरप्रीत सिंह सैनी, कुलदीप दुग्गल, विपन जैन, एसएल विर्दी, पतविन्द्र सिंह छाबड़ा, बाशी गुप्ता, मोहिनी नरूला मौजूद थे।



फगवाड़ा में पौधे रोपते हुए विधायक बलविन्दर सिंह धालीवाल व अन्य लोग ● जागरण

DAINIK JAGRAN

# कमला नेहरू कॉलेज में हिन्दी दिवस मनाया

● 'राष्ट्रभाषा हिन्दी एवं संस्कृत में भारतीय संस्कृति' विषय पर सम्भाषण करवाया



कमला नेहरू कालेज फॉर विमेन में आयोजित हिन्दी दिवस की तस्वीरें।

फगवाड़ा, 14 सितम्बर (अमनदीप): स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वुमैन, फगवाड़ा में प्राचार्या डा. सविंद्र पाल की रहनुमाई में हिन्दी एवं संस्कृत विभाग की ओर से 'हिन्दी दिवस' बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर 'राष्ट्रभाषा हिन्दी एवं संस्कृत में भारतीय संस्कृति' विषय पर सम्भाषण का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर स्रोत वक्ता डा. सरला भारद्वाज, पूर्वाध्यक्षा, संस्कृत विभाग, एस. डी. कालेज फॉर वुमैन जालंधर व सुप्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार को सादर आमंत्रित किया गया। कालेज प्राचार्या डॉ. सविंद्र पाल ने स्रोतवक्ता का औपचारिक रूप से पुष्पित अभिनंदन करते हुए उनके छात्राओं को सम्भाषण देने के लिए आभार व्यक्त किया। हिन्दी विभागाध्यक्षा डा. आशा शर्मा ने कुशल मंच संचालन करते हुए स्रोत वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। स्रोतवक्ता डा. सरला ने अपने विषय पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम भाषा है।

हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है तो अपनी भाषा को अपनाकर ही हम अपने देश को सशक्त एवं समृद्ध बना सकते है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमें हर प्रान्त से जोडती है और एक दूसरे तक अपने विचारों को जोडने का कार्य हिंदी भाषा ही करती है, इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि हम हिंदी को बोलने, पढने, लिखने का गर्व से संकल्प ले यही हिंदी दिवस की सार्थकता है।

### छात्राओं ने चार्ट मेकिंग, लघु कथा तथा अनुछेद लेखन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया

इस विशेष दिवस पर छात्राओं ने चार्ट मेकिंग, लघु कथा तथा अनुछेद लेखन आदि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता में अमीशा बंगड़, कोमल बसरा, प्रिया देवी, हिना, सोनिया, सोनिया गुप्ता ने (प्रथम द्वितीय, तृतीय, सांत्वना पुरस्कार) कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी, श्रुति शर्मा, सलोनी जानवी, सुमन देवी ने (प्रथम, द्वितीय, तृतीय, सांत्वना पुरस्कार) अनुच्छेद लेखन में पूर्णिमा कुमारी, रितु, सिया, रीमा कुमारी ने (प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार) प्राप्त किया। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पूर्व छात्रा मैडम समता तथा अंकिता कौडा को सम्मानित किया गया। आयोजन के अंत में मैडम शशि जसवाल ने स्रोत वक्ता डॉ. सरला भारद्वाज का इस ज्ञानवर्धक सम्भाषण के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। कालेज प्रिंसिपल डॉ. सविंद्र पाल ने इस विशेष आयोजन की सफलता पर आयोजकों को हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया।

DAINIK SAWERA 15/9/21

# कमला नेहरू कालेज में वर्कशाप का आयोजन

संवाद सहयोगी, फगवाड़ा : कमला नेहरू कालेज फार वूमेन में ओरिएंटेशन प्रोग्राम के तहत सात दिवसीय 'एन-लिस्ट संघ सहयोग' ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें 80 से भी अधिक छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला का आयोजन टीचर रूबी ने बखूबी किया।

कालेज के प्रिंसिपल डा. सविंदर पाल ने इस वर्कशाप की आयोजिका तथा छात्राओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस एन-लिस्ट के प्रयोग से अब विश्व स्तर की पुस्तकों व पत्रिकाओं को सीधे तौर पर पढ़ने की बजाये ई-आकार के माध्यम से सरलता से पढ़ा जा सकता है। यह माध्यम अब शोध कार्य तथा प्रकाशन के क्षेत्र में और सरलता से सहायक सिद्ध हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए यह लाभदायक होगा।



फगवाड़ा के कमला नेहरू कालेज फार वूमेन में करवाए गए एन-लिस्ट ट्रेनिंग वर्कशाप में भाग लेती छात्राएं ● जागरण

DAINIK JAGRAN 29/10/21

# 'आज़ादी के धुव्र तारे' पुस्तक का विमोचन

## कमला नेहरू कालेज फॉर वुमैन, फगवाड़ा के इतिहास विभाग ने समारोह करवाया

फगवाड़ा, 29 सितंबर (अमनदीप): स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वुमैन, फगवाड़ा के इतिहास विभाग की ओर से प्राचार्या डा. सविन्दर पाल की रहनुमाई में शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस को मनाते हुए 'आज़ादी के धुव्र तारे' पुस्तक का विमोचन किया गया। इस आयोजन के विशेष अतिथि डा. जगमोहन सिंह, चेयरपर्सन, शहीद भगत सिंह शताब्दी फाऊंडेशन, लुधियाना तथा मुख्यातिथि डा. धर्मजीत सिंह, वाइस चांसलर संत बाबा भाग सिंह यूनिवर्सिटी को सादर आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर मैडम नंदिनी ने दोनों अतिथियों का औपचारिक परिचय प्रस्तुत किया तथा प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने उनका पुष्पित अभिनंदन किया। डा. धर्मजीत ने शहीद भगत सिंह के जीवन तथा आज़ादी संघर्ष के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डा. जगमोहन ने अत्यन्त भावपूर्ण शब्दों में शहीद भगत सिंह तथा उनके साथियों करतार सिंह सराभा, ऊधम सिंह तथा अन्य गदरी व क्रांतिकारियों की कुर्बानियों का उल्लेख करते हुए उनकी माताओं को नमन किया। उन्होंने भगत सिंह के अंतिम सन्देश 'सेहत का ख्याल रखना, हिम्मत रखने तथा मेहनत से पढ़ना' को सभी छात्राओं से सांझा किया। इसके पश्चात उन्होंने अपने करकमलों से मैडम कमलेश तथा डा. निमरत दीप द्वारा संपादित पुस्तक 'आज़ादी के ध्रुव तारे' का विमोचन किया। समारोह के अंत में इतिहास विभाग की अध्यक्षा कमलेश ने डा. जगमोहन सिंह तथा डा. धर्मजीत सिंह का इस आयोजन को विशेष बनाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रिंसीपल डा. सविन्दर पाल ने समारोह की आयोजिका कमलेश को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक आज़ादी के परवानों को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि है।



कमला नेहरू कालेज में आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह की झलकियां।

DAINIK SAWERA 30/9/21

# कमला नेहरू कालेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



कालेज में पौधे लगाते हुए छात्राएं व स्टाफ सदस्य।

फगवाड़ा, 7 जून (अमनदीप): कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा के एनएसएस यूनिट की ओर से प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल के निर्देशानुसार ह्वविश्व पर्यावरण दिवसह्वअत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसके तहत कालेज प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल एवं छात्राओं ने कॉलेज प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए व उनकी देखभाल का प्रण लिया। इसके अलावा छात्राओ ने बडे चाव से कई गमलों में भी पौधे लगाए तथा पक्षियों के पीने के लिए पानी भी भर कर रखा। बहुत सी छात्राओं ने विषय से संबंधित मनमोहक पोस्टर भी बनाए। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका ऐरी,एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर ने प्राचार्या महोदया, अपने सहयोगी सदस्यों व छात्राओं का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने सभी छात्राओं को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को सुरिक्षत था वातावरण को हरा भरा रखने के लिए प्रेरित किया तथा एन एस एस यूनिट को इस श्लाघा योग्य प्रयास के लिए हार्दिक बधाई दी।

DAINIK SAWERA 8/6/22

# वोट के अधिकार का महत्व विषय पर रैली निकाली




**फगवाड़ा**| कमला नेहरू कॉलेज फॉर वुमेन, फगवाड़ा के लीगल लिटरेसी सेल, एनएसएस यूनिट तथा राजनीति विज्ञान विभाग के सहयोग से प्राचार्या डॉ. सविंदर पाल के निर्देशनुसार व डीसी कपूरथला दीप्ति उप्पल, कुलप्रीत सिंह, एसडीएम फगवाड़ा, राजेश कुमार, स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन के तहत 'वोट के अधिकार' विषय पर सेमिनार और रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने सभी छात्राओं को सबोधित किया। कॉलेज की एनएसएस यूनिट वालंटियर ने चुनाव संबंधी बैनर उठाकर लोगों को जागरूक किया। कमलेश, अध्यक्षा इतिहास विभाग ने छत्राओं को सम्भाषण दिया। डॉ. रिंका, अध्यक्षा, राजनीति विज्ञान विभाग ने स्रोत वक्ता कमलेश का स्वागत किया। अंत में डॉ. प्रियंका ऐरी, अध्यक्षा गृह विज्ञान विभाग व एनएसएस, प्रोग्राम ऑफिसर ने वक्ता व अन्यों का आभार जताया।

DAINIK BHASKAR
18/2/22

# कमला नेहरू कालेज में सैमीनार करवाया

फगवाड़ा, 25 मार्च (अमनदीप): स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल के दिशानिर्देशन में कालेज के कॉस्मेटोलॉजी विभाग की ओर से ₹बेसिक्स ऑफ हेयर केअर₹ विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्यवक्ता मिस्टर राहुल शर्मा (मैट्रिक्स) को सादर आमंत्रित किया। उन्होंने छात्राओं से बालों के कलर को बनाने तथा लगाने की विधि सम्बन्धी चर्चा की तथा होली से पहले व बाद में अपने बालों और चमड़ी की देखभाल के विषय में भी विस्तार से चर्चा की। स्रोतवक्ता मिस्टर राहुल ने अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं को सकारात्मक व स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा दी। प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने विभाग के सभी प्राध्यापकों को सेमिनार की सफलता पूर्वक सम्पन्नता पर हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करवाने को प्रेरित किया।



कमला नेहरू कालेज में सेमिनार दौरान मुख्यवक्ता राहुल शर्मा विद्यार्थियों को जानकारी देते।

DAINIK SAWERA

# वर्ल्ड बुक एंड कापीराइट दिवस मनाया

संस, फगवाड़ा : कमला नेहरू कालेज फार वूमेन के पुस्तकालय में प्रिंसिपल डा. सविंदर पाल के दिशा निर्देशन में कालेज लाइब्रेरी व कंप्यूटर विभाग के साझा सहयोग से 'वर्ल्ड बुक एंड कापीराइट दिवस' मनाया गया। जिसमें 'इंटरनेट और कापीराइट' विषय पर लेक्चर करवाया गया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता के रुप में कंप्यूटर विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर हरदीप शामिल हुई। समारोह में मुख्य लाइब्रेरियन रूबी ने सभी उपस्थित अतिथियों प्रिंसिपल डा. सविन्दर पाल, मुख्य वक्ता हरदीप, कालेज प्राध्यापक वर्ग तथा छात्राओं का औपचारिक रूप से स्वागत किया। मुख्य वक्ता हरदीप ने बताया कि 'इंटरनेट जहां कई प्रकार से आज विश्व को लाभ पहुंचा रहा है, वहीं इस माध्यम से साहित्यिक चोरी की संभावनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कापीराइट के अधिकारों का हनन ही इंटरनेट की सुविधा का सबसे बड़ा बाधक बन चुका है। इससे कैसे बचा जाए। प्रिंसिपल डा. सविंदर पाल ने विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि इंटरनेट आज के हर मनुष्य की आवश्यकता बन चुका है, हर कार्य इसके बिना अधूरा लगता है पर साहित्यिक कृतियों और रचनाओं की चोरी व कापीराइट का गलत इस्तेमाल भी इसके दुष्परिणाम दर्शा रहा है। इसके लिए हम सभी को साहसिक निर्णय लेने की जरूरत है।



27 पीएचजी 3 फगवाड़ा के कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल डा. सविंदर पाल को सम्मानित करते अध्यापकगण • जागरण

DAINIK JAGRAN 28/4/22

फगवाड़ा के कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन में ...
...मान्यों को सम्मानित करती कालेज प्रिंसिपल डा. सविंदर पाल ● सौ. कालेज

# कमला नेहरू कालेज में वार्षिक खेल महोत्सव मनाया

**● विविध प्रकार के खेलों में छात्राओं ने बड़े उत्साह और जोश से बढ़चढ़ कर भाग लिया**

फगवाड़ा, 1 अप्रैल (अमनदीप): स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन, फगवाड़ा में प्राचार्या डा. सविन्दर पाल के दिशा-निर्देशन में वार्षिक खेल महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि मिस्टर अंशुमन सेखड़ी, प्रिंसीपल विनायक पब्लिक हाई स्कूल गोराया, गैस्ट ऑफ ऑनर मैडम रीटा थापर, प्रिंसीपल एस.डी. पुत्री पाठशाला, हदियाबाद फगवाड़ा, विशेष अतिथि संजीवन भनोट पूर्व बैंक अधिकारी को सादर आमंत्रित किया गया। इस खेल महोत्सव की आयोजक टीम में डा. रिंका, मैडम मनविंदर, संदीप वालिया, डॉ. पलविंदर कौर रंधावा तथा स्पोर्ट्स अध्यक्षा सुनीता शामिल थे। विशेष अतिथियों में मिस्टर कुलकरण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर खेले गए विविध प्रकार के खेलों में छात्राओं ने बड़े उत्साह और जोश से बढ़चढ़ कर भाग लिया। डा. आशा शर्मा तथा संदीप वालिया ने बड़े उत्साह से सभी खेलों व विजेताओं की उदघोषणा करते हुए कुशल मंच संचालन किया। सैक रेस में दीक्षा ने पहला, सिमरन कौर ने दूसरा तथा पूजा ने तीसरा स्थान पाया जबकि थ्री लैग रेस में जसमीत और दीक्षा ने पहला, जसवीर और रोशनी ने दूसरा, तथा जाह्नवी व दीक्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर रेस में मनजोत, सलोनी तथा जाह्नवी ने क्र मशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। रिले रेस में सलोनी, मनजोत, जसवीर और सिमरन ने पहला, जाह्नवी, पूजा, दीक्षा व पुष्पा ने दूसरा, निशा, जसमीन, रमनदीप और अमनजोत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रस्सी कूदने की प्रतियोगिता में सलोनी, सिमरन और दीक्षा ने क्र मशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान पाया। लेमन-स्पून रेस में पूजा, सलोनी और सिमरन कौर के क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार टग ऑफ वॉर में जीतने वाली छात्राओं में जानवी, दीक्षा, हरमन, जसमीत, अंजली, पुष्पा, पूजा, संजना, नीतू और दीक्षा थी। अंतिम खेल मटका रेस में सलोनी, सिमरन और जानवी ने क्रमशः पहली दूसरी व तीसरी पोजीशन हासिल की।

**छात्राएं शिक्षा के साथ साथ स्किल डिवैल्पमेंट पर भी ध्यान दे : प्रिंस. सेखड़ी**

इस समारोह में मुख्यतिथि मिस्टर अंशुमन सेखड़ी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ स्किल डिवैल्पमैंट पर भी ध्यान देना चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। विशेष अतिथि मिस्टर संजीवन भनोट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में तनाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए सारे आयोजकों को आयोजन की सफल सम्पन्नता पर बधाई देते हुए छात्राओं को खेलों व रंगारंग कार्यक्र म प्रस्तुत करने के लिए उनकी सराहना की। आयोजन का अंत राष्ट्र गान से हुआ।




कमला नेहरू कालेज में वार्षिक खेल महोत्सव के आयोजन की तस्वीरें।

**ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में विभिन्न कालेज की छात्राओं ने लिया भाग**

# कमला नेहरू कालेज में धूमधाम से 73वां गणतंत्र दिवस मनाया

फगवाड़ा, 29 जनवरी (अमनदीप): स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में 73वां राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राचार्या डा. सविन्दर पाल की रहनुमाई में कालेज आईक्यूएसी, होम साइंस तथा फाइन आर्ट्स विभाग के सांझा सहयोग से विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें तिरंगी रंगोली, रेसिपी मेकिंग, पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग शामिल थी जिसमें विभिन्न कालेज की छात्राओं ने भी अत्यंत उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिताओं की इस श्रृंखला में निर्धारित परिणामों में रंगोली प्रतियोगिता के लिए मिस मुस्कान, श्री साईं कालेज ऑफ एजुकेशन बधानी ने प्रथम स्थान, निशा कुमारी, केवीएडीएवी कालेज फॉर वीमेन, करनाल ने दूसरा स्थान व सन्त बाबा भाग सिंह मैमोरियल गर्ल्स कॉलेज मोगा की छात्रा किरणजीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी श्रृंखला में तिरंगी रेसिपी मेकिंग में जाह्नवी राणा और अलका के वी ए डी ए वी कालेज करनाल ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा इसी कालेज की छात्रा नित्या सैनी ने तीसरा स्थान हासिल किया जबकि शकुंतला देवी एमजीएन कालेज ऑफ एजुकेशन, जालंधर ने सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान गुप्ता व रीतिका मंगोत्रा, एसएस कालेज ऑफ एजुकेशन पठानकोट तथा एसएसएम कालेज दीनानगर ने प्रथम स्थान, इन्हीं कालेजों की छात्राओं साक्षी व काजल ने दूसरा स्थान तथा खालसा कालेज अमृतसर से कमलप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विपुल शर्मा, हंस राज कालेज से जसविंदर कौर, खालसा कालेज अमृतसर ने सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में एसबीबी एसएम गर्ल्स कॉलेज की किरणजीत कौर ने पहला स्थान, एम.जी.एन. कालेज ऑफ एजुकेशन जालंधर से रेनु कपूर ने दूसरा स्थान हासिल किया। कालेज प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने आयोजक विभागों के प्राध्यापकों डा. सुधामणि सूद, अध्यक्षा फाइन आर्ट्स विभाग, डा. प्रियंका ऐरी, अध्यक्षा होम साइंस विभाग को इन विशेष प्रतियोगिताओं के सफल संयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उत्साहवर्धक प्रतियोगिताएं युवा पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम को जागृत करती हैं।



गणतंत्र दिवस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्राओं द्वारा दी गई पेशकारियां।

DAINIK SAWERA 30/1/22

'भारत की स्वतंत्रता में सरला देवी चौधरानी की भूमिका' पर वैबीनार करवाया

# कमला नेहरू कालेज में धूमधाम से 73वां गणतंत्र दिवस मनाया

फगवाड़ा, 27 जनवरी (अमनदीप): स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन, फगवाड़ा के इतिहास विभाग व एन.एस.एस. यूनिट के सांझा सहयोग से प्राचार्या डा. सविन्दर पाल के निर्देशानुसार 73वां राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ऑनलाइन वैबीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय ?भारत की स्वतंत्रता में सरला देवी चौधरानी की भूमिका? रखा गया व बतौर स्रोतवक्ता इसमें कालेज प्रिंसीपल डॉ. सविन्दर पाल को सादर आमंत्रित किया गया। वेबिनार के आरम्भ में मैडम कमलेश, अध्यक्षा इतिहास विभाग ने स्रोत वक्ता व प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल, एन एस एस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. प्रियंका ऐरी, मिस निधि जस्सर तथा सभी वर्चुअल प्रतिभागियों के हार्दिक स्वागत किया। डॉ. सविन्दर पाल ने अपने संबोधन के दौरान बताया कि भारत की स्वतंत्रता के लिए किस प्रकार हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष किया। इन आजादी के दीवानों के बलिदानी संघर्ष को भारतीय इतिहास कभी नहीं भूल सकता जिनमें सरला देवी चौधरानी के बलिदान और समर्पण को, उनके सजग प्रयासों को हमेशा याद रखा जाएगा। वह महिला मुक्ति की प्रबल समर्थक और महान लेखिका भी थीं। उन्होंने जीवन भर महिलाओं को शक्तिशाली बनकर हर परिस्थिति का डटकर मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया।



गणतंत्र दिवस पर आयोजित ऑनलाईन वैबिनार दौरान कालेज प्राचार्य डा. सविन्द्र पाल, मैडम कमलेश, डॉ. प्रियंका ऐरी, मिस निधि जस्सर व छात्राएं।

70 के करीब प्रतिभागियों ने इस वर्चुअल वेबिनार में प्रतिभागिता की। इस विशेष दिवस पर छात्राओं ने ?गणतंत्र दिवस? विषय पर स्लोगन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में बढ चढ कर भाग लिया। वेबिनार के अंत में प्रोग्राम ऑफिसर मिस निधि जस्सर, डॉ. प्रियंका ऐरी व मैडम कमलेश ने स्रोतवक्ता तथा प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल का उनके बहुमूल्य विचारों को प्रस्तुत करने के लिए व कालेज मैनेजमेंट के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

DAINIK SAWERA 28/1/22

---

## कमला नेहरू कॉलेज की छात्राओं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



फगवाड़ा | कमला नेहरू कॉलेज फॉर वुमेन फगवाड़ा की बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा में शानदार परीक्षा परिणामों से अपने कॉलेज, नगर तथा माता-पिता का नाम रोशन किया। मिस जसदीप कौर ने 1820/2400 अंकों के साथ 75.8 ... कॉलेज में पहला स्थान, सोनाली ने 1814/2400, 75.5 ... अंक लेकर कॉलेज में दूसरा स्थान तथा सुखमनी ने 1807/2400, 75.2 ... अंकों द्वारा कॉलेज में तीसरा स्थान हासिल किया। इन तीनों छात्राओं ने मैरिट विद डिस्टिंक्शन पोजीशन प्राप्त की। कॉलेज प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने इन छात्राओं के प्राध्यापकों तथा अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

DAINIK BHASKAR 7/10/21

## कमला नेहरू कालेज की छात्राओं का शानदार परीक्षा परिणाम



जसदीप कौर, सोनाली, सुखमनी।

फगवाड़ा, 6 अक्तूबर (अमनदीप): स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वुमैन, फगवाड़ा की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा में शानदार परीक्षा परिणामों से अपने कालेज, नगर तथा माता-पिता का नाम रोशन किया। मिस जसदीप कौर ने 1820/2400 अंकों के साथ 75.8% से कालेज में पहला स्थान, सोनाली ने 1814/2400, 75.5% अंक लेकर कालेज में दूसरा स्थान तथा सुखमनी ने 1807/2400, 75.2% अंकों द्वारा कालेज में तीसरा स्थान हासिल किया।

इन तीनों छात्राओं ने मैरिट विद डिस्टिंक्शन पोजीशन प्राप्त की। कालेज प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने इन छात्राओं के प्राध्यापकों तथा अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए इन छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत व लगन से आगे बढ़ने और पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

DAINIK SAWERA 7/10/21

## कमला नेहरू कालेज की छात्राओं ने मैथफेस्ट में किया शानदार प्रदर्शन

फगवाड़ा, 6 अक्तूबर (अमनदीप): मैथफेस्ट 2021 का आयोजन, पीजी गणित विभाग, खालसा कॉलेज अमृतसर द्वारा किया गया। कमला नेहरू महिला कॉलेज फगवाड़ा की छात्राओं ने वाद-विवाद, भाषण, प्रश्नोत्तरी, रंगोली और पोस्टर मेकिंग जैसे कई कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पंजाब के 25 शिक्षण संस्थानों के 360 प्रतिभागियों ने मैथफेस्ट में भाग लिया, जिसमें से हमारी छात्राओं गरिमा खुराना, शिवांगी, जसकीरत और लक्ष्मी को क्रमशः भाषण, पोस्टर मेकिंग और रंगोली में सांत्वना पुरस्कार मिले।

DAINIK SAWERA 7/10/21

8/10/21

## कमला नेहरू कालेज में फिल्म शो का आयोजन

फगवाड़ा,13 अक्तूबर (अमनदीप): स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर विमेन, फगवाड़ा के अंग्रेजी विभाग द्वारा ?आल माय संस? विषय पर एक फिल्म शो का आयोजन किया गया जोकि अंग्रेजी के लेखक ?आर्थर मिलर? द्वारा लिखित नाटक पर आधारित है। यह शो अंग्रेजी विभागाध्यक्षा मैडम अमन लता के निर्देशन में बी.ए. फाइनल ईयर की छात्राओं के लिए उनके पाठ्यक्रम के तहत दिखाया गया।

इस शो में सभी कक्षाओं की फाइनल ईयर की छात्राएँ बड़े उत्साह से शामिल हुई। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम में निर्धारित यह नाटक देखने के बाद अब उनके लिए इसे समझना और सरल हो गया है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापकों को उनके इस ज्ञानवर्धक प्रयास के लिए हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करवाने के लिए प्रेरित किया।

इस दिन विशेष तौर पर इंडियन पेपर कटिंग एसोसिएशन की ओर से स्किल डेवेलपमेंट वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को अनेक प्रकार से पेपर काटने की कला का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें भी छात्राओं ने खूब रुचि दिखाई।

DAINIK SAWERA 14/10/21

## कमला नेहरू कॉलेज में फिल्म शो का आयोजन



फगवाड़ा| कमला नेहरू कॉलेज फॉर वुमन, फगवाड़ा के अंग्रेजी विभाग की ओर से आल माय संस विषय पर एक फिल्म शो का आयोजन किया गया। अंग्रेजी के लेखक "ऑर्थर मिलर" से लिखित नाटक पर आधारित है। यह शो अंग्रेजी विभागाध्यक्षाअमन लता के निर्देशन में बीए फाइनल ईयर की छात्राओं के लिए उनके पाठ्यक्रम के तहत दिखाया गया। शो में सभी कक्षाओं की फाइनल ईयर की छात्राएं शामिल हुई। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम में निर्धारित नाटक देखने के बाद अब उनके लिए इसे समझना और सरल हो गया है। प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने अंग्रेजी विभाग के सभी प्राध्यापकों को उनके इस ज्ञानवर्धक प्रयास के लिए बधाई दी। इस दौरान विशेष तौर पर इंडियन पेपर कटिंग एसोसिएशन की ओर से स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया।

DAINIK BHASKAR 14/10/21



कमला नेहरू कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं। ● जागरण

# छात्राओं को संविधान का महत्व बताया

संवाद सहयोगी, फगवाड़ा : कमला नेहरू कालेज फार वूमेन में लीगल लिट्रेसी सेल और राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से संभाषण का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डा. रिंका ने भारत का संविधान विषय पर भाषण देकर छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। डा. रिंका ने कहा कि पंजाब सरकार जरूरतमंदों के लिए मुफ्त न्यायिक सेवाओं का प्रावधान की जाती है। उन्होंने छात्राओं को मौलिक अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी और भारतीय संविधान की मूल संरचना के बारे में जानकारी दी। प्रिंसिपल डा. सविन्दर पाल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा और सक्रियता का समाज में प्रसारित होना अति आवश्यक है।

DAINIK JAGRAN

28/11/21

Principal
Kamla Nehru College For Women
Phagwara (Kapurthala)